बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर गण्यमान्य व्यक्तियों ने पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 06 दिसंबर, 2023: भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारत के उप राष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़; भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने भी इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

लोक सभा और राज्य सभा के महासचिव, क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह तथा श्री पी.सी. मोदी इस अवसर पर ने डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर एक ट्वीट सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि, "बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना, राष्ट्र की उन्नति, मानव अधिकार और सर्वजन कल्याण के लिए समर्पित किया।आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर आत्मीय श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।"